**भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड**

(रक्षा मंत्रालय के अधीन भारत सरकार का एक उद्यम)

विज्ञा.सं 383/मा.सं/सहा.सु.अधि/25-26 दिनांक: 13.05.2026

भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड, एक नवरत्न कंपनी और भारत की सबसे बड़ी पेशेवर इलेक्ट्रॉनिक्स कंपनी को बेंगलुरु, वेल्लोर, पालसमुद्रम, गाजियाबाद, हैदराबाद एवं नागपुर में स्थित अपनी यूनिटों/सुविधाओं के लिए स्थाई आधार पर सुरक्षा अधिकारियों की आवश्यकता है।

**1.0 पद का विवरण, न्यूनतम योग्यता मानदंड एवं वेतनमान:**

| पद/ ग्रेड | योग्यता | योग्यता के बाद का अनुभव | पदों की संख्या | आरक्षण का प्रकार | वृत्ति पथ / वेतनमान |
|---|---|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) |
| ग्रेड : EI सहायक सुरक्षा अधिकारी | किसी भी विषय में स्नातक | थलसेना/नौसेना/वायुसेना /सेंट्रल पैरामिलिट्री ऑर्गनाइज़ेशन से कार्यमुक्ति के समय जेसीओ ग्रेड में होना चाहिए | 07 | अ.ना.-02<br>अ.पि.व.(गै.न.व.)-03<br>अ.जा.-01<br>अ.ज.जा. -01 | वेतनमान: रु. 30,000/- 3% - Rs.1,20,000/- + स्वीकार्य भत्ते<br>सी टी सी : रु.7.75 लाख (लगभग) |

**उपयोग किए गए संक्षिप्त शब्द: -** अ.ना.=अनारक्षित, अ.पि.व.(गै.न.व.)=अन्य पिछड़ा वर्ग (गैर-नवोन्नत वर्ग), अ.जा.-अनुसूचित जाति, अ.ज.जा.=अनुसूचित जनजाति.

**2.0 पात्रता मानदंड :**

**2.1 राष्ट्रीयता :** अभ्यर्थी भारत का नागरिक होना चाहिए।

**2.2 आयु मानदंड (यथा 01.05.2026 को) :** अधिकतम आयु सीमा 40 वर्ष है।

**2.3 अधिकतम आयु सीमा में छूट:**

| क्रम संख्या | वर्ग | आयु में छूट |
|---|---|---|
| 1 | अन्य पिछड़ा वर्ग (गैर नवोन्नत वर्ग) | 03 वर्ष |
| 2 | अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति | 05 वर्ष |

**2.4 आयु प्रमाण और आयु में छूट से संबंधित निर्देश :**

i. माध्यमिक शिक्षाबोर्ड द्वारा माध्यमिक/उच्चतर माध्यमिक उत्तीर्ण करने पर जारी किया गया प्रमाण-पत्र ही आयु के समर्थन में स्वीकार्य दस्तावेज होगा, जिसमें जन्म तिथि का उल्लेख हो। माध्यमिक/उच्चतर माध्यमिक विद्यालय प्रमाण-पत्र में जन्म तिथि उपलब्ध न होने की स्थिति में सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी किए गए जन्म प्रमाण-पत्र पर विचार किया जाएगा।





ii. आयु में छूट के इच्छुक अभ्यर्थियों को आवेदन के साथ आवश्यक प्रमाण-पत्र की प्रति संलग्न करनी होगी एवं उसे सत्यापन के लिए, चयन प्रक्रिया के किसी भी चरण में मूल रूप से प्रस्तुत करना होगा।

iii. जाति प्रमाण पत्र बीईएल की वेबसाइट पर उपलब्ध प्रारूप में ही होने चाहिए अन्यथा अभ्यर्थी को 'सामान्य' श्रेणी के अंतर्गत माना जाएगा बशर्ते कि वे सामान्य अभ्यर्थियों के लिए निर्धारित सभी मानदंडों को पूरा करते हों।

iv. अ.पि.व. के गैर-नवोन्नत वर्ग (गै.न.व.) अभ्यर्थियों के लिए आरक्षण/छूट/रियायत दस्तावेज सत्यापन के समय दिनांक 01.05.2025 को या उसके बाद सक्षम प्राधिकारी*** द्वारा जारी भारत सरकार द्वारा निर्धारित प्रारूप में "केंद्रीय सरकारी पदों में नियुक्ति के लिए" घोषणा के साथ अन्य पिछड़ा वर्ग (गै.न.व.) के प्रमाण-पत्र की सत्यापित प्रति प्रस्तुत करने के शर्त पर होगी। आय प्रमाण-पत्र को अन्य पिछड़ा वर्ग का प्रमाण-पत्र नहीं माना जाएगा। (निर्धारित प्रारूप वेबसाइट www.bel-india.in पर उपलब्ध हैं)

v. एक बार ऑनलाइन आवेदन में घोषित होने के बाद वर्ग (सामान्य/अ.जा./अ.ज.जा./अ.पि.व (गै.न.व)) में परिवर्तन का अनुरोध स्वीकार नहीं किया जाएगा।

vi. सशस्त्र सेना (थलसेना, नौसेना एवं वायुसेना) से सेवानिवृत्त हुए अभ्यर्थियों को ऊपर बताई गई अ.जा./अ.ज.जा./अ.पि.व (गै.न.व) को मिलने वाले छूट के अलावा 05 (पांच) साल की छूट मिलेगी।

vii. सशस्त्र सेना में काम करने वाले और सिविल पोस्ट के लिए अप्लाई करने के पात्र अभ्यर्थी को आवेदन फॉर्म के साथ प्रमाण पत्र का प्रारूप (अपेंडिक्स-2) जमा करना होगा।

viii. सरकारी दिशा-निर्देश के अनुसार, पूर्व-सैनिकों को आयु में छूट मिलेगी।

ix. पूर्व-सैनिक अभ्यर्थियों को बताए गए प्रारूप में एक वचन-पत्र (अपेंडिक्स-3) जमा करना होगा, जिस पर अभ्यर्थी के हस्ताक्षर होने चाहिए।

x. जिन अभ्यर्थीयों का आवेदन निर्धारित आयु मानदण्ड को पूरा नहीं करता है, उनका आवेदन पूर्व सूचना न देते हुए रद्द/अस्वीकार कर दिया जाएगा।

**3.0 शैक्षणिक योग्यता :**

i. पृष्ठ 1, पैरा 1.0 में दी गई तालिका के कॉलम (2) में उल्लिखित शैक्षणिक योग्यता किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से होनी चाहिए।

ii. अभ्यर्थी के पास सभी वैध अंकसूची/स्नातक प्रमाणपत्र (दीक्षांत समारोह प्रमाण पत्र) होनी चाहिए।

iii. न्यूनतम आवश्यक शैक्षणिक योग्यता की आवश्यकता के अनुसार अर्हता डिग्री में विशेषज्ञता का उल्लेख न होने की स्थिति में, अभ्यर्थी को आवेदन के साथ विश्वविधालय / संस्थान/ महाविद्यालय से जारी प्रमाण-पत्र की प्रति संलग्न करनी होगी तथा सत्यापन प्रक्रिया के किसी भी चरणों में अर्हता डिग्री में विशेषज्ञता को स्पष्ट उल्लेख करते हुए मूल प्रमाण-पत्र की प्रति के साथ प्रस्तुत करना होगा।

iv. न्यूनतम अंकों का प्रतिशत डिग्री में **पास क्लास है।**

**4.0 अनुभव :**

i. सहायक सुरक्षा अधिकारी पद के लिए आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों के पास पृष्ठ 1, पैरा 1.0 में दी गई तालिका के कॉलम (3) में उल्लिखित अपेक्षित अनुभव होना चाहिए।

ii. अभ्यर्थी को धारित पद और नियुक्ति की अवधि को स्पष्ट रूप से सूचित करते हुए पूर्व और वर्तमान नियोक्ता द्वारा जारी कार्यमुक्ति प्रमाण पत्र/ दस्तावेज़ प्रस्तुत करना होगा।

**5.0 चयन की विधि :**

i. विज्ञापन में उल्लिखित योग्यता मानदंडो को पूरा करने वाले अभ्यर्थी जिनके आवेदन स्वीकार किये गए हैं, उन अभ्यर्थियों को 85 अंक की लिखित परीक्षा के लिए अनंतिम रूप से चुना जाएगा एवं जो इसे उत्तीर्ण करेंगे, उन्हें 15 अंक के साक्षात्कार के लिए चुना जाएगा। लिखित परीक्षा एवं साक्षात्कार का स्थान केवल बेंगलुरु होगा।

ii. योग्यता मानदंडों को पूरा करने वाले अभ्यर्थी जिनके ऑनलाइन आवेदन स्वीकार किये गए हैं, उन्हें एसएमएस एवं ई-मेल भेजा जाएगा। उन्हें बीईएल वेबसाइट पर लॉग इन करके अपने क्रेडेंशियल्स दर्ज करने होंगे ताकि वे अपना **लिखित परीक्षा कॉल लेटर** प्राप्त कर सकें ओर डाउनलोड कर सकें ।

iii. अभ्यर्थियों को कॉल लेटर प्रिंट करना होगा और उसमें दिए गए निर्देशों का पालन करना होगा। कृपया ध्यान दें कि कॉल लेटर ई-मेल या कन्वेंशनल मेल से नहीं भेजा जाएंगा।

iv. न्यूनतम अर्हक अंक इस प्रकार होंगे:

| वर्ग | अंकों का न्यूनतम प्रतिशत (प्राप्तांक) |
|---|---|
| **सामान्य/अ.पि.व (गै.न.व)** | लिखित परीक्षा एवं साक्षात्कार दोनों में पृथक रूप से 35% |
| **अ.जा/अ.ज.जा** | लिखित परीक्षा एवं साक्षात्कार दोनों में पृथक रूप से 30% |

v. लिखित परीक्षा सम्भवत: **जून/जुलाई, 2026** के महीने में आयोजित की जाएगी।

**6.0 वेतन एवं भत्ते :**

चयनित अभ्यर्थियों को पृष्ठ 1, पैरा – 1.0 पद का विवरण, न्यूनतम योग्यता मानदंड एवं वेतनमान में उल्लिखित तालिका के कॉलम (6) अनुसार वेतनमान में शामिल किया जाएगा। मूल वेतन के अलावा, महंगाई भत्ता, मकान किराया भत्ता, परिवहन भत्ता, मूलवेतन के 35% दर पर अनुलब्धियां, चिकित्सा व्यय की प्रतिपूर्ति, समूह बीमा, भविष्य निधि, पेंशन, उपदान आदि जैसे अन्य भत्ते कंपनी के नियमों के अनुसार पारिश्रमिक पैकेज का हिस्सा होंगे।

**7.0 आवेदन कैसे करें :**

i. उपरोक्त आवश्यकताओं को पूरा करने वाले अभ्यार्थी ऑनलाइन लिंक का उपयोग करते हुए आवेदन कर सकते है https://jobapply.in/belcareer/BNG/BG71/202601।ऑनलाइन लिंक बीईएल की आधिकारिक बेवसाइट पर भी उपलब्ध है ।





ii. अभ्यर्थियों के पास एक वैध और सक्रिय ई-मेल आईडी होनी चाहिए, जिसका उल्लेख ऑनलाइन आवेदन फॉर्म में करना होगा। लिखित परीक्षा एवं अन्य सम्प्रेषण से जुड़ी जानकारी अभ्यर्थी द्वारा दिए गए ईमेल आईडी पर ई-मेल द्वारा भेजी जाएगी। किसी भी परिस्थिति में अभ्यर्थी किसी अन्य व्यक्ति की ई-मेल आईडी साझा नहीं करेंगे। अभ्यर्थियों को भेजे गए किसी भी ई-मेल के बाउंस होने के लिए बीईएल जिम्मेदार नहीं होगा। एक बार दर्ज करने के बाद ई-मेल आईडी या मोबाइल नंबर में परिवर्तन की अनुमति नहीं दी जाएगी।

iii. कृपया भविष्य के संदर्भ के लिए भरे गए आवेदन पत्र का प्रिंट-आउट लेकर अपने पास रखें।

iv. कृपया आवेदन पत्र की **हार्डकॉपी बीईएल के कार्यालय में न भेजें क्योंकि मैनुअल/कागजी आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएंगे।**

v. पद के लिए आवेदन करने से पहले, अभ्यर्थियों को यह सुनिश्चित करना होगा कि वे विज्ञापन में उल्लिखित पात्रता मानदंडों को पूरा करते हैं।

vi. यदि अंतिम समय की जल्दबाजी के कारण अभ्यर्थी अपना आवेदन जमा नहीं कर पाते हैं, तो इसके लिए बीईएल उत्तरदायी नहीं होगा।

vii. **आवेदन शुल्क: माफ**

## 8.0 सामान्य निर्देश :

a. केवल इस पद के लिए ऊपर उल्लिखित सभी पात्रता मानदंडों को पूरा करने वाले अभ्यर्थियों को लिखित परीक्षा के लिए बुलाया जाएगा। बहरहाल, आवेदक की अभ्यर्थता अनंतिम होगी और उसके द्वारा प्रस्तुत प्रमाण-पत्र/साक्ष्य सत्यापन के अधीन होगी।

b. सरकारी/अर्ध सरकारी/सार्वजनिक क्षेत्र के संगठनों में काम करने वाले अभ्यर्थियों को दस्तावेज सत्यापन के समय **"अनापत्ति प्रमाण-पत्र"** प्रस्तुत करना आवश्यक है। यदि वे ऐसा नहीं करते हैं तो उनकी अभ्यर्थता रद्द कर दी जाएगी।

c. विज्ञापन में उल्लिखित योग्यता किसी मान्यता प्राप्त संस्थान/बोर्ड/परिषद/विश्वविद्यालय से होनी चाहिए। जहाँ कहीं भी एसजीपीए/सीजीपीए/ओजीपीए/डीजीपीए या अंतिम/दीक्षांत प्रमाण-पत्र में लेटर ग्रेड प्रदान किया जाता है, विश्वविद्यालय/संस्थान द्वारा अपनाए गए मानदंडों के अनुसार आवेदन में अंकों के समान प्रतिशत का संकेत दिया जाना चाहिए। एसजीपीए/सीजीपीए/ओजीपीए/डीजीपीए को प्रतिशत में बदलने के लिए संस्थान/बोर्ड/परिषद/विश्वविद्यालय द्वारा अपनाए गए मानदंडों का साक्ष्य दस्तावेज सत्यापन के समय प्रस्तुत करना होगा।

d. अभ्यर्थियों को लिखित परीक्षा में उपस्थित होने के दौरान सरकार द्वारा जारी वैध फोटो पहचान प्रमाण प्रस्तुत करना होगा।

e. अभ्यर्थियों का स्वास्थ्य अच्छा होना चाहिए। स्वास्थ्य मानक में कोई छूट की अनुमति नहीं है। चयनित अभ्यर्थियों की नियुक्ति चिकित्सा फिटनेस के मानदंडों और मानकों के अनुसार संचालित किए जाने वाले नियोजन-पूर्व चिकित्सा परीक्षण में कंपनी के चिकित्सा प्राधिकारी द्वारा चिकित्सकीय रूप से उपयुक्त पाए जाने की शर्त पर होगी।

f. साक्षात्कार के लिए बुलाए गए सभी बाहरी अभ्यर्थियों को भारत में उनके पत्राचार का पता/कार्यस्थल से सबसे छोटेमार्ग के वास्तविक टिकिट प्रस्तुत करने पर A/C चेयर कार/III टियर A/C के माध्यम से आने-जाने का यात्रा भत्ता प्रतिपूर्ति किया जाएगा, यह भी ध्यान दें कि अभ्यर्थियों द्वारा जमा किए गए आवश्यक दस्तावेज के सत्यापन के बाद यात्रा भत्ता के भुगतान करने के लिए साक्षात्कार के समय बैंक खाता विवरण प्रदान करना आवश्यक है। प्रतिपूर्ति बाद में ECS के माध्यम से की जाएगी।

g. स्थानीय यात्रा का खर्च, यदि कोई हो, अभ्यर्थियों द्वारा वहन किया जाएगा।

h. यदि किसी आवेदक ने अतीत में अपने/अपनी नियोक्ता या बीईएल के साथ मुकदमेबाजी की है तो उसका उल्लेख संक्षेप में ऑनलाइन आवेदन में स्पष्ट रूप से किया जाए।

i. ऑनलाइन आवेदन जो अपूर्ण हैं, बिना कोई कारण बताए सरसरी तौर पर अस्वीकार कर दिए जाएंगे और इस संबंध में कोई भी पत्राचार स्वीकार नहीं किया जाएगा।

j. पोर्टल पर पंजीकरण मात्र से यह सिद्ध नही होता कि अभ्यर्थी पात्रता मानदंडों को पूरा करता है। पात्रता को दस्तावेज सत्यापन के समय मूल रूप में प्रासंगिक और वैध दस्तावेज प्रस्तुत करके साबित करना होगा।

k. किसी भी अभ्यर्थी द्वारा एक से अधिक आवेदन प्रस्तुत नहीं किए जाने चाहिए। एकाधिक आवेदनों के मामले में, केवल नवीनतम वैध (पूरा) आवेदन पर ही विचार किया जाएगा

l. मोबाइल फोन/पेजर/आईपैड/आईपॉड/टैबलेट/फेबलेट/स्मार्ट घड़ी/कैलकुलेटर या इस तरह का कोई अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण परीक्षा कक्ष के भीतर सख्त रूप से मना है। अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे इसे परीक्षा कक्ष में न लाएं। परीक्षा कक्ष के भीतर किसी भी इलेक्ट्रॉनिक उपकरण के होने से अभ्यर्थी की अभ्यर्थता रद्द की जा सकती है।

m. अभ्यर्थी की पात्रता, पात्रता के जांच के चरण, योग्यताएं और अन्य पात्रता मानदंडों से संबंधित सभी मामलों में बीईएल का निर्णय, अंतिम और अभ्यर्थी पर बाध्यकारी होंगा।

n. भर्ती प्रक्रिया के किसी भी चरण में चयन न होने पर किसी भी अभ्यर्थी को अलग से सूचना नहीं दी जाएगी।

o. बीईएल के पास लिखित परीक्षा/साक्षात्कार/अंतिम दस्तावेज सत्यापन के किसी भी चरण में अभ्यर्थी को निष्कासित करने का अधिकार सुरक्षित है, यदि किसी भी कारण से उसकी अभ्यर्थता उपयुक्त नहीं समझी जाती है।

p. चयन प्रक्रिया के सभी/किसी भी चरण में प्रवेश पूरी तरह अनंतिम होगा। लिखित परीक्षा के लिए प्रवेश पत्र/साक्षात्कार के लिए प्रवेश पत्र/ अभ्यर्थी को नियुक्ति के अनंतिम प्रस्ताव के जारी होने से यह मान्य नहीं होगा कि उसकी अभ्यर्थता बीईएल द्वारा मंजूर की गई है।

q. बीईएल चयन के समय वास्तविक आवश्यकता के आधार पर ऊपर दर्शाए गए किसी भी मानदंड,चयन की विधि, पदों की संख्या को बदलने (रद्द/संशोधित/जोड़ने) का अधिकार सुरक्षित रखता है ।

r. न्यूनतम शैक्षिक आवश्यकता को पूरा करने मात्र से अभ्यर्थियों को लिखित परीक्षा के लिए बुलाया जाने का कोई अधिकार प्राप्त नही हो जाता है।

s. यदि अभ्यर्थी की दी गई कोई भी जानकारी विज्ञापन में उल्लिखित मानदंडों के अनुरुप नहीं पाई जाती है, तो चयन प्रक्रिया के किसी भी चरण पर या नियुक्ति के बाद भी अभ्यर्थता रद्द की जा सकती है। यदि बीईएल को कोई ऐसा साक्ष्य/जानकारी मिलती है कि आवेदन/अन्य प्रारूप/प्रारूप/घोषणा पत्र में दी गई योग्यता, अनुभव और कोई अन्य जानकारी सही नहीं है/गलत/गुमराह करने वाली है और/या ऐसी विवरण/जानकारी छिपाई गई है जो बीईएल को बताई जानी चाहिए थी, तो भी किसी भी चरण में अभ्यर्थता रद्द की जा सकती है।

t. चयनित अभ्यर्थियों को कंपनी द्वारा उप्लब्ध कराये गए आवास में अनिवार्य रूप से रहना होगा।

u. बीईएल प्रबंधन के पूर्ण विवेकाधिकार पर अधिकारी की तैनाती भारत भर में किसी भी स्थान पर की जा सकती है।

v. किसी भी तरह से उपार्थना करने पर अभ्यर्थी को अयोग्य घोषित कर दिया जाएगा। यदि कोई अभ्यर्थी उपयुक्त नहीं पाया जाता है, तो बीईएल चयन प्रक्रिया के किसी भी चरण में, किसी भी कारण से उसे अयोग्य घोषित करने का अधिकार रखता है।





w. यदि इस विज्ञापन के अंग्रेजी के अलावा किसी अन्य संस्करण में खंडों की व्याख्या के कारण कोई विवाद उत्पन्न होता है तो बीईएल वेबसाइट पर मौजूद अंग्रेजी संस्करण ही मान्य होगा।

x. इस विज्ञापन से होने वाला कोई भी विवाद, जिसमें भर्ती प्रक्रिया भी शामिल है, बेंगलुरु स्थित न्यायालयों के एकमात्र अधिकार क्षेत्र के अधीन होगा।

y. बीईएल की भर्ती प्रक्रिया सुदृढ़ और पारदर्शी है, जिसमें चयन का मानदंड पूरी तरह से अभ्यर्थी की मेरिट पर आधारित होता है। बीईएल भर्ती प्रक्रिया के किसी भी चरण में कोई शुल्क नहीं मांगता है और न ही कोई धनराशि जमा करने का अनुरोध करता है। हम रोजगार तलाशने वालों से अनुरोध करते हैं कि वे हमारी कंपनी के प्रतिनिधि होने का दावा करने वाले तथा बीईएल में रोजगार के बदले में भुगतान मांगने वाले धोखेबाज़ों के किसी भी सम्प्रेषण से गुमराह न हों। कंपनी ऐसे धोखाधड़ीपूर्ण कार्यों से होने वाले किसी भी नुकसान के लिए उत्तरदायी नहीं है।

z. बीईएल ऐसे जालसाजों के खिलाफ आपराधिक कार्रवाई सहित कानूनी कार्रवाई करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

aa. इस प्रक्रिया से संबंधित सभी आगे की घोषणाएं/विवरण समय-समय पर बीईएल की वेबसाइट www.bel-india.in पर प्रकाशित/उपलब्ध कराए जाएंगे।

bb. **लिखित परीक्षा और साक्षात्कार में प्राप्त अंकों के आधार पर, अनंतिम रूप से चयनित अभ्यर्थियों को दस्तावेज़ सत्यापन के लिए बुलाया जाएगा। अभ्यर्थियों को मूल दस्तावेज़ प्रस्तुत करने होंगे और निम्नलिखित दस्तावेजों की स्व-सत्यापित प्रतियां जमा करनी होंगी:**

1) हाल ही में लिए गए पासपोर्ट आकार की रंगीन फोटो ।

2) जन्म तिथि के साक्ष्य के रूप में एसएसएलसी/एसएससी/आईएससी अंक पत्र तथा अन्य कोई वैध दस्तावेज।

3) संबंधित योग्यता का अंतिम डिग्री/अनंतिम डिग्री प्रमाणपत्र।

4) प्रत्येक शैक्षणिक वर्ष/सेमेस्टर की अंक पुस्तिका/मार्कशीट।

5) विश्वविद्यालय/संस्थान द्वारा सीजीपीए को प्रतिशत में बदलने के लिए अपनाए गए मानदंडों का साक्ष्य, यदि लागू हो।

6) अ.जा./अ.ज.जा./अ.पि.व (गै.न.व) वर्ग के अभ्यर्थियों को अपना जाति प्रमाणपत्र निर्धारित प्रारूप में जमा करना होगा।

7) अन्य पिछड़ा वर्ग (गै.न.व.) श्रेणी से संबंधित अभ्यर्थियों को सक्षम प्राधिकारी*** द्वारा दिनांक 01.05.2025 को या उसके बाद जारी किए गए निर्धारित प्रारूप में प्रस्तुत सामुदायिक प्रमाण- ही स्वीकार किया जाएगा। (निर्धारित प्रारूप वेबसाइट www.bel-india.in पर उपलब्ध कराए गए हैं।

8) पदों के लिए आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों को भारतीय सशस्त्र सेना (थलसेना/नौसेना/वायुसेना) द्वारा जारी डिस्चार्ज सर्टिफिकेट/बुक, यदि लागू हो/ सेंट्रल पैरामिलिट्री ऑर्गनाइज़ेशन के सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी अनुभव प्रमाण पत्र जमा करना होगा, जिसमें चिकित्सा श्रेणी, डिस्चार्ज की तिथि एवं अनुकरणीय रिकॉर्ड (सभी पृष्ठ) स्पष्ट रूप से दर्शाए गए हों।

9) अंतिम वेतन प्राप्ति प्रमाणपत्र और पेंशन विवरण।

10) सशस्त्र बलों (सेना/नौसेना/वायु सेना)/केंद्रीय अर्धसैनिक संगठनों में वर्तमान में कार्यरत और अभी तक सेवामुक्त नहीं हुए उम्मीदवारों को अपनी चिकित्सा श्रेणी, चरित्र और संभावित सेवामुक्ति तिथि के समर्थन में दस्तावेजी प्रमाण प्रस्तुत करने की आवश्यकता है।

11) अपेंडिक्स-2, DoPT के OM नंबर 306034/2/91-Estt. (SCT), दिनांक 03.04.1991 के अनुसार। (यदि लागू हो)

12) अपेंडिक्स-3, DoPT OM नंबर 306034/2/91-Estt. (SCT), दिनांक 03.04.1991 के अनुसार। (यदि लागू हो)

13) अन्य कोई आवश्यक प्रमाण पत्र।

इस पद के लिए आवेदन करने के लिए लिंक पर क्लिक करें - https://jobapply.in/belcareer/BNG/BG71/202601

ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि 02.06.2026 है।

विज्ञापन से संबंधित प्रश्नों, ऑनलाइन आवेदन पत्र जमा करने से संबंधित तकनीकी सहायता के लिए कृपया ईमेल आईडी belbng@jobapply.in पर संपर्क करें।

---

*** अन्य पिछड़ा वर्ग प्रमाण-पत्र (गैर-नवोन्नत वर्ग) के लिए निम्नलिखित अधिकारियों में से किसी एक द्वारा निर्धारित प्रारूप में जारी प्रमाण-पत्र ही अभ्यर्थी अन्य पिछड़ा वर्ग (गैर-नवोन्नत वर्ग) श्रेणी से संबंधित होने के दावे के साक्ष्य के रूप में स्वीकार किए जाएंगे –

i. जिला दंडाधिकारी / अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी / जिलापाल / उप आयुक्त / अतिरिक्त उप आयुक्त / प्रथम श्रेणी छात्रवृत्ति दंडाधिकारी / उप-प्रभागीय दंडाधिकारी / तालुका दंडाधिकारी / कार्यपालक दंडाधिकारी / अतिरिक्त सहायक आयुक्त
ii. मुख्य प्रेसीडेंसी दंडाधिकारी / अपर मुख्य प्रेसीडेंसी दंडाधिकारी / प्रेसीडेंसी दंडाधिकारी
iii. तहसीलदार या उससे उच्च अथवा समान पद के राजस्व अधिकारी और
iv. उप-प्रभागीय अधिकारी उस क्षेत्र के जहां अभ्यर्थी और/या उनका परिवार सामान्य रूप से रहता है।